मैं पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए बेहद उत्साहित हूं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। - आमिर अली

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान, भविष्य में खेल के प्रति अपनी नीतियों को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **ऋषभ पंत**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज हो चुका है। जहां पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जा रहा है। इस दौरान पहले दिन टीम इंडिया मुश्किल में दिखी जहां टीम पहली पारी में महज 150 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। हालांकि, टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने एक उपलब्धि अपने नाम की है। पंत भारती पारी के 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे जब टीम इंडिया ने 16.2 ओवर में विराट कोहली के रूप में अपनी तीसरा विकेट खो दिया। कोहली 12 गेंदों पर पांच रन बनाकर जोश हेजलवुड का शिकार हो गए।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

मोदी ने गुयाना में विंडीज के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों से बातचीत की

जॉर्जटाउन, 22 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुयाना में वेस्टइंडीज टीम के क्रिकेट खिलाड़ियों मुलाकात कर दोनों देशों के बीच क्रिकेट के जरिए जुड़ाव को लेकर बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेस्टइंडीज के क्रिकेट खिलाड़ी क्लाइव लॉयड, एल्विन कालीचरण, शिवनारायण चंद्रपॉल, देवेन्द्र बिशू, स्टीवन जैकब्स और डॉ. रंजीसिंघी रामरूप के साथ बातचीत में कहा कि क्रिकेट ने भारत और गुयाना के बीच आत्मीयता स्थापित करते हुए सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाया है। मोदी ने आज साशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, क्रिकेट के माध्यम से जुड़ाव। गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ एक सुखद वार्तालाप। इस खेल ने हमारे देशों के बीच आत्मीयता बनाई है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को और परिपुष्ट किया है। उन्होंने एक्स पर इस मुकालत और बातचीत की फोटो भी साझा की। जिसमें प्रधानमंत्री सहित कुछ खिलाड़ी क्रिकेट का बल्ला हाथों में लिये हुये है और बातचीत करते हुए दिख रहे है।

असावा इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 9वें स्थान पर पहुंचे

जयपुर, 22 नवंबर। जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब के प्रखर असावा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट 2024 में 12 स्थानों की छलांग लगाकर संयुक्त 9वां स्थान हासिल कर लिया है। यह टूर्नामेंट प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) द्वारा डिगबोई गोल्फ लिंक्स, असम में आयोजित किया गया था। प्रखर ने तीसरे दिन-4 के स्कोर के साथ 3, 4, 7, 9, 12, 16 और 18 होल पर बर्डी लगाई। इसके पहले उन्होंने पहले दिन 1 ओवर पार और दूसरे दिन 3 अंडर पार का स्कोर किया।

अदविका ने राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीम इवेंट में दूसरी बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया

जयपुर, 22 नवंबर। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में चल रहे 68वें नेशनल स्कूल गेम्स में सीबीएसई वेलफेयर गर्ल्स अंडर-17 बैडमिंटन टीम ने टीम कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। टीम ने सेमीफाइनल में तमिलनाडु को हराया और फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गौरतलब है कि यही टीम पिछले साल दिल्ली में आयोजित अंडर-14 एसजीएफआई नेशनल्स में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी है। इस बार की बड़ी उपलब्धि यह है कि टीम की अधिकांश खिलाड़ी अभी भी अंडर-14 आयु वर्ग में आती हैं, लेकिन उन्होंने ऊंची श्रेणी (अंडर-17) में खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता। इस टीम की एक अहम खिलाड़ी राजस्थान के भीलवाड़ा की अद्विका शर्मा रहीं। उन्होंने राजस्थान की बैडमिंटन के इतिहास में पहली बार लगातार दो एसजीएफआई बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में रचा इतिहास, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने

बुमराह और सिराज ने कराई भारत की मैच में वापसी

पर्थ, 22 नवंबर। जसप्रीत बुमराह (चार विकेट), मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और हर्षित राणा (एकविकेट) की शानदार गेंदबाजी ने भारत को पहले टेस्ट मैच में वापसी करा दी। इन तीनों गेंदबाजों ने दिन का खेल समाप्त होने के तक ऑस्ट्रेलिया के 67 रन सात विकेट गिरा दिये है और वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 83 रन पीछे है।

मैच के तीसरे सत्र में चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बुमराह ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के तीन शीर्ष बल्लेबाजों को 19 के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। नेथन मैकस्वीनी (10), उस्मान ख्वाजा (आठ) और स्टीव स्मिथ (शून्य) बुमराह का शिकार बने। मार्नस लाबुशेन (दो) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। लाबुशेन ने टेस्ट इतिहास की सबसे धीमी पारी खेलते हुए 52 गेंदों में मात्र दो रन बनाये। ट्रैविस हेड (11) को हर्षित राणा ने बोल्ड आउट किया। मिचेल मार्श (छह) और पैट कमिंस (तीन) रन बनाकर आउट हुये।

25वें ओवर भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कप्तान पैट कमिंस को पंत के हाथों कैच आउट करा कर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 27 ओवर में सात विकेट पर 67 रन बना लिये है और एलेक्स कैरी (नाबाद 16) और मिचेल स्टार्क (नाबाद छह) क्रीज पर मौजद है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह (चार विकेट), मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और हर्षित राणा (एक विकेट) लिया। इससे पहले जॉश हेजलवुड (चार विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पारी को 150 के स्कोर पर समेट दिया था। आज यहां ऑप्टस स्टेडियम में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (शून्य) का विकेट गवां दिया। जायसवाल को मिचेल स्टार्क ने नेथन मैकस्वीनी के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल, के एल राहुल के साथ संघर्ष करते दिखे। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने देवदत्त पडिक्कल (शून्य) को पेवलियन भेज दिया। पडिक्कल ने 24 गेंदे खेली और वे अपना खाता भी नहीं खोल सके। विराट कोहली (पांच) भी जॉश हेजलवुड का शिकार बने। भोजनकाल से पहले 23वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने के एल राहुल (26) को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया।

भारतीय जूनियर हॉकी टीम एशिया कप के लिए रवाना

बेंगलुरु, 22 नवंबर। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को मस्कट के लिये रवाना हुई।

टूर्नामेंट में इस बार 10 टीमें भाग ले रही हैं, भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है। जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं।

कप्तान आमिर अली और उप कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 28 नवंबर को जापान से, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ तथा दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक दिसंबर को आखिरी ग्रुप मुकाबला खेला है।

आईपीएल नीलामी 3 बजे शुरू होगी

जेद्दा, 22 नवम्बर। आईपीएल के 18वें सीजन का आगाज होने से पहले मेगा नीलामी होगी। जिसका आयोजन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगा। यहां जानें नीलामी कितने बजे शुरू होगी और कहां आप लाइव देख सकेंगे? दरअसल, आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के लिए कुल 574 खिलाड़ियों का चुना गया है। इसमें 366 भारतीय जबकि 208 विदेशी प्लेयर्स शामिल हैं। हालांकि, नीलामी में सिर्फ 104 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे। बाकी सभी अनसोल्ड जाएंगे। अक्टूबर के आखिर तक सभी टीमें अपने अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर चुकी हैं। वहीं आईपीएल 2025 की नीलामी के लिए 13 देशों के कुल 574 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें स्कॉटलैंड का एक और जिम्बाब्वे के 3 खिलाड़ी भी शामिल हैं। जबकि इस मेगा ऑक्शन में 81 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हैं, तो 27 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपये है। इस लिस्ट में 18 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपये है। आईपीएल 2025 की नीलामी के लिए 13 देशों के कुल 574 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें स्कॉटलैंड का एक और जिम्बाब्वे के 3 खिलाड़ी शामिल हैं। इस मेगा ऑक्शन में 81 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हैं, जबकि 27 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपये है। वहीं इस लिस्ट में 18 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपये है।

इंडिया ओपन शूटिंग शॉटगन चैम्पियनशिप का शुभारंभ

जयपुर, 22 नवंबर। ओएसिस शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर में आज इंडिया ओपन शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप 2024 का शुभारम्भ किया गया। यह प्रतियोगिता 22 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी जिसमे भारत के सभी राज्यों के 500-600 खिलाडी भाग लें रहे है। प्रतियोगिता के शुभ आरम्भ के अवसर पर समस्त नेशनल राइफल एसोसिएशन के जूरी मेंबर्स राजस्थान राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष यज्ञिमत्र देव सिंह, उपाध्यक्ष गिरधर प्रताप सिंह एवं सचिव शशांक कुरानी उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने के लिए चीफ गेस्ट नीरज कुमार पवन चेयरमैन राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स कॉउंसिल उपस्थित रहे। राजस्थान राइफल एसोसिएशन के अधिकारियो ने बुके और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया और प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों की हौंसला अफ़ज़ाई की।

वीरेन्द्र सहवाग ने बेटे की 297 रन की पारी पर किया ट्वीट, लिखा तुमने सिर्फ 23 रन से फरारी मिस की

कूच बिहार, 22 नवम्बर। वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने कूच बिहार ट्रॉफी टूर्नामेंट में दिल्ली के लिए खेलते हुए मेघालय के खिलाफ पहली पारी में 297 रन की जबरदस्त पारी खेली। उन्होंने ये स्कोर 309 गेंदों का सामना करते हुए 51 चौके और 3 छक्कों की मदद से खेली। आर्यवीर की इस पारी के बाद उनके पिचा वीरेंद्र सहवाग काफी खुश नजर आए और ट्वीट करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, लेकिन उन्होंने ये भी लिखा कि तुमने 23 रन से फेरारी मिस कर दी। बता दें कि, सहवाग ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, तुमने अच्छा खेला आर्यवीर, लेकिन 23 रन से तुमने फेरारी मिस कर दी।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद : 26 को संविधान दिवस का आयोजन चित्रकूट स्टेडियम पर होगा

जयपुर, 22 नवंबर। संविधान के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा 26 नवंबर को इसका आयोजन चित्रकूट स्टेडियम पर किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डा. नीरज कुमार पवन ने शुक्रवार को राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, नगर निगम ठोटर, राजस्थान युवा बोर्ड के अधिकारियों के साथ चित्रकूट स्टेडियम का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

डॉ. नीरज कुमार पवन ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं के पुख़्ता इंतज़ाम सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये। सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान, टी शर्ट, प्ले कार्ड, मोबाईल टॉयलेट्स के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जायेगे। कार्यक्रम में बैंडवादन की प्रस्तुति दी जाएगी। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेल्फी बूथ लगाये जायगे। इस अवसर पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें।

आईपीएल ऑक्शन को लेकर पंत को नाथन लियोन ने छेड़ा, पूछा किस टीम में जाओगे

नई दिल्ली, 22 नवम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो चुकी है। दोनों टीमों के बीच पर्थ में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। जिसके पहले दिन गेंदबाजों का बोलबाला रहा। वहीं इस दौरान मैदान पर कई ऐसे किस्से भी हुए जब दोनों टीमों की तरफ से एक-दूसरे को स्लेज किया गया। अब भारत-ऑस्ट्रेलिया मुकाबले के दौरान ऐसा ना हो वो कैसे हो सकता है।

खैर इस टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में जब ऋषभ पंत बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस दौरान नाथन लियोन ने उन्हें स्लेज करके उनका ध्यान भटकाने की कोशिश की। नाथन लियोन और ऋषभ पंत के बीच जो मजेदार बात हुई तो आईपीएल 2025 की नीलामी को लेकर हुई। इस बार आईपीएल 2025 की नीलामी 24 और 25 नवंबर तो जेद्दा में किया जाएगा। इस नीलामी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी उत्साहित हैं और उनका भी ध्यान उधर ही लगा है और ऐसा लियोन की बात से समझ में आया। हालांकि, लियोन आईपीएल नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन उन्हें भी पता है कि ये नीलामी होने वाली है और खिलाड़ियों के लिए ये कितना अहम है।

वहीं पर्थ में पंत की बल्लेबाजी के दौरान लियोन ने उनसे पूछा कि वो आईपीएल नीलामी के बाद किस टीम में जाएंगे तो इसके जवाब में पंत ने कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं।

जेनरीवाल के शतक और चौधरी के 6 रन पर 5 विकेट

जयपुर, 22 नवम्बर। आज जी आर क्रिकेट ग्राउंड पर जयपुर अंडर-14 टीम ने कोवित् जेनरीवाल शतक 107 रन की शतकीय पारी और हंस चौधरी 6 रन पर 5 विकेट तथा हर्षवर्धान शर्मा 11 रन पर 3 विकेट की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत बूँदी जिले की टीम को 273 रन से हराकर मैच जीत लिया। जयपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कोवित जेनरीवाल, 107 रन, मानवीर सरावगी 55रन, पुरांजय सिंह राठौड़ 38 सचिन मीना 27 रन की मदद से निधारित 50 ओवर मे 7 विकेट खोकर 322 रन बनाये, बूँदी की तरफ से विभांश कसाट व मोहित कुमार 2-2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में बूँदी की पूरी टीम जयपुर के हंस चौधरी 6 रन पर 5 विकेट, हर्श वर्धान शर्मा 11 रन पर 3 विकेट तथा युवराज मुंडोतिया18 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

राजस्थान-केरल अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच, राजस्थान पारी व 280 रनों से जीती

अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच : राजस्थान की जीत में जतिन, अनस, आभास, राज शर्मा, आकाश मुंडेल, गुलाब चमके

जयपुर, 22 नवम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर खेले जा रहे बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता कूच बिहार ट्रॉफी के राजस्थान - केरल मैच के तीसरे दिन राजस्थान ने केरल को पारी व 280 रनो के विशाल अंर्तसे हराया। राजस्थान के गेंदबाज जतिन ने केरल की दूसरी पारी में 7 बल्लेबाजों को पेविलियन लौटते हुए राजस्थान को बड़ी जीत दिलाई। मैच में राजस्थान के लिए जतिन, अनस, राज शर्मा, आभास श्रीमाली, आकाश मुंडेल व गुलाब का शानदार प्रदर्शन रहा। राजस्थान के गेंदबाज जतिन , गुलाब व आभास श्रीमाली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए केरल की पूरी टीम को मात्र 87 रनो पर आउट करते हुए मैच में राजस्थान को बड़ी जीत दिलाई। जतिन ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए केरल के विरुद दूसरी पारी में 7 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान के गेंदबाज जतिन 32/7, आभास श्रीमाली 4/1 व गुलाब 27/1 विकेट प्राप्त किये।

आज मैच से पूर्व दोनों टीमों, मैच ओफिश्यल्स ने राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव व वरिष्ठ खेल प्रशासक स्वर्गीय अशोक ओहरी जी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के मैचों से पूर्व भी सभी टीमों, मैच ओफिश्यल्स ने क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव व वरिष्ठ खेल प्रशासक स्वर्गीय अशोक ओहरी जी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा।

आईपीएल 2025 का सत्र 14 मार्च से होगा शुरू

मुम्बई, 22 नवंबर। इंडियन प्रीमियर लीग अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरु होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जायेगा। फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों के बारे में बताया गया है। घोषणा के अनुसार टूर्नामेंट का अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह 2025 सत्र में 74 मैच होंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से दस कम है। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग अलग संख्या का वर्णन किया है।

खोया पाया

रमेश चन्द वर्मा पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण 4 ज 35 नाहरी का नाका के आवन्टन पत्र /डिक्लेरेशन कही गिर गए है मिले तो सूचित करें.9799533288

श्री मान उपरोक्त प्लॉट नंबर बी-141 राजभवन योजना के मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर संपर्क करें -9460772321

मेरे भूखण्ड सं- बी-10-11 स्थित सरदार पटेल मार्ग, धुलेश्वर गार्डन, सी-स्कीम जयपुर का पट्टा कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे ;- धर्मेन्दर कँवर मो-9829060875

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम राकेश कुमार जैन से बदलकर राकेश जैन रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। राकेश जैन पुत्र बाबू लाल जैन निवासी प्लॉट नम्बर 55/2, मोती नगर, नियर गुर्जर की थड़ी, जयपुर।

मैंने अपना नाम देवेन्द्र कुमार से बदलकर देवेन्द्र लाम्बा पुत्र श्री कन्ही राम लाम्बा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे- पता- 25/67, कावेरी पथ मानसरोवर, जयपुर।

I have change my name AVADH BIHARI TO AVADH BIHARI GUPTA S/o Ratan Lal for All Future purpose. R/o 12, Guru vatika, Hawa sadak, Gijgarh Vihar colony, jaipur- 302006

I have change my name JANKI DEVI AGARWAL TO JANKI AGARWAL W/o Ratan Lal for All Future purpose. R/o 12-13, Guru kripa patel conloy, Laxmi path, sardar patel Marg, jaipur-302001

I Maga Ram Tarad S/o Vishna Ram Tarad R/o Khokha, Jalor, Rajasthan - 343032, have changed my name to Magraj Choudhary

I have changed my name from Debindra Kumar Singha to Debindra Kumar Singh S/o Sonpal Singh for all purpose. Resi.: Plot No. 10, Poultry Farm, Agra Road, Jamdoli, Jaipur

I Ranjeet S/o Nandram R/o Viaypurra, Churu, Rajasthan - 331303, have changed my name to Ranjeet Singh

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य ताज मोहम्मद पुत्र अब्दुल कादर, निवासी-268, बडी मस्जिद वाली गली, जालूपुरा जयपुर का है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र मोहसिन, उम्र-36 वर्ष जो मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। ना ही अपनी पत्नी को साथ रखता है। इसका चाल-चलन, व्यवहार, लेन-देन सहीं नहीं है। मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र मोहसिन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। भविष्य में मोहसिन आज दिनांक के बाद कोई भी लेन-देन व संव्यवहार या किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद करता है तो मेरे अभिभाष्य का कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

जयपुर (राजेन्द्र बैंसला) एडवोकेट
दिनांक-21/11/2024 मो.-9460066626

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं.273 (दक्षिणी हिस्सा) योजना गणेश नगर विस्तार कालवाड़ रोड जयपुर राज., जिसका क्षेत्र. 100 वर्गगज है को श्रीमति रिझि रिजय कहँसियत मुख्त्यारआम सुनीता गम्मड द्वारा, जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.08.2010 रघुवीर सिंह राठौड़ को विक्रय कर दिया गया। तत्पश्चात दिनांक 04.10.2017 को रघुवीर सिंह राठौड़ का देहात हो गया तथा (1) कमलेश कँवर (पत्नि), (2) विमलेश कँवर (पुत्री) (3) राजवीर सिंह (पुत्र) (4) दीपवीर सिंह (पुत्र) उनके उत्तराधिकारी हुये। तत्पश्चात विमलेश कँवर, राजवीर सिंह, दीपवीर सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति में अपने 3/4 हिस्से के संबंध में एक रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 19.06.2024 कमलेश कँवर के हक में निष्पादित किया गया, जिसके फलस्वरूप कमलेश कँवर उपरोक्त सम्पत्ति की एकमात्र रूप से स्वामी बन गई है। मेरा अभिभाष्य शशिकान्त मिश्रा पुत्र सुभाष चन्द मिश्रा निवासी- प्लाट नं. 273, गणेश नगर विस्तार कालवाड़ रोड जयपुर ने कमलेश कँवर से उनकी स्वामित्व व आधिपत्य की उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को खरीद करने का इकरार किया है। मेरा अभिभाष्य उक्त सम्पत्ति को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहता है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद / बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट मो.नं. 9829256466

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कार्यशाला, (सिविल इंजीनियरिंग) उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है- **ई-निविदा सूचना सं. 2024- 25** : WS-08 OF 2024-25 **कार्य का नाम व स्थान** : Provision of KOTA Stone flooring in Shed/ Godown of Ward No. 1, 4 and 7 in connection with "Modernization of ward/Improvement infrastructure" in General Stores Depot/Jodhpur. **अनुमानित लागत रूपये** : रू. 2131574.33 **बयाने की राशि रूपये**: रू. 42,600.00 निविदा सूचना संख्या WS-08 OF 2024-25 तक निविदा प्रस्तुत करने की तिथि **12.12.2024** को **15.00** बजे तक है। वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है- www.ireps.gov.in

1354-DR/24

हमें /NWRailways @NWRailways_पर फॉलो करें

UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR
DEPARTMENT OF ECONOMICS
TENDER NOTICE

Bids for the National Conference RHTHEI-2024 Conference for the procurement of food and beverages are invited from interested bidders upto 28.11.2024 at 1:00 pm. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in and www.uniraj.ac.in.

UBN No.: URA2425SSOB00153
NIB No.: URA2425A0056

(Head),
Department of Economics

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org

क्रमांकः- एस.के./2024.25/01/204 दिनांक :- 21.11.24

ई-बोली आमन्त्रण सूचना संख्या-ई- 01/2024-25

नगर निगम उदयपुर द्वारा विभिन्न अवसरों पर आवश्यकता अनुसार, अल्पाहार, भोजन व पानी के केम्परो की आपूर्ति कार्य की दर संविदा हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत 30.00 लाख है। ऑनलाइन निविदा फार्म मिलने की प्रारंभ दिनांक 25.11.24 अंन्तिम दिनांक 05.12.24 तथा खुलने की दिनांक 06.12.24 रहेगी।

UBN No. UNP2425WSRC00140

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

राज.संवाद/सी/24/8154

कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)
पता :- राजीव गांधी भवन, दादाबाड़ी मैदान, कोटा ई-मेल :- nnkota@gmail.com

क्रमांक :- ननिको(उ)/राजस्व/2024/9505-13 दिनांक :- 21/11/2024

संशोधित ई-निविदा सूचना 2024-26

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में समस्त डिवाईडरों पर लगे विद्युत पोलो पर लघु विज्ञापन पट्ट (पोल कियोस्क साईज 30"X 40") दोनों तरफ प्रदर्शित किये जाने की इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ऐजेन्सी से ई-प्रोक्यूरमेंट द्वारा दो वर्ष के लिये ऑनलाईन निविदा क्रमांक ननिको(उ)/राजस्व/2024/9074-84 दिनांक 13/11/2024 आमन्त्रित की गई थी। विज्ञापन पट्ट (पोल कियोस्क) की साईज एवं डिजाइन को स्पष्ट करने हेतु निविदा की शर्त संख्या 08 एवं 19 में संशोधन किया जाता है जिसकी विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट www.kotamc.org.com एवं http://sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा का शेष समस्त भाग एवं शर्तें यथावत् रहेगी।

1. UBN No.- DLB2425SLOB11866
2. NIB No.- DLB2425A3871

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/24/8163

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-5 स्थान जयपुर महानगर द्वितीय शिव शंकर विरुद्ध बाल शंकर व अन्य
वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 93 सन् 2024

बनाम देवकी उर्फ रेखा शर्मा पुत्री ग्यारसीलाल पत्नि राजेन्द्र कुमार शर्मा जाति, स्थान फ्लेट नं. 301, प्लाट नं. 114 उत्कर्ष अपार्टमेंट, सारथी मार्ग डॉक्टर्स कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर। वादी ने आपके विरुद्ध के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 03 माह 01 सन 2025 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति होजो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। नकल संलग्न नहीं है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 20 माह 11 सन 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया ग